24/11/23
ग्रन्थालय

# HND 515

## M.A. III$^{rd}$ SEMESTER EXAMINATION, 2022-23

## HINDI

(भाषा विज्ञान एवं लिपि)

## (CBCS MODE)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**8475**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1 Hour**
**समय : 1 घण्टा**

**Max. Marks : 60**
**अधिकतम अंक : 60**

**नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.
2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।
2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

1. असत्य कथन है–

(A) वाणी के दो अनिवार्य पहलू हैं – बोध और अभिव्यंजना

(B) भाषा का उद्देश्य और उपयोग सामाजिक है

(C) भाषा के सामाजिक पक्ष को सस्यूर ने 'लाँगाज' कहा है

(D) सस्यूर ने भाषा के चार पक्ष माने हैं

2. सत्य कथन है–

(A) वाक्य प्रोक्तियों के समूह से बनता है

(B) प्रोक्ति वाक्यों के समूह से बनती है

(C) वाक्य प्रोक्ति के ऊपर की इकाई है

(D) वाक्य में प्रयुक्त होते हैं 'शब्द'

3. यास्क द्वारा किया गया शब्द विभाग नहीं है–

(A) नाम

(B) उपसर्ग

(C) सुबन्त

(D) निपात

4. पाणिनीय व्याकरण की विशेषता नहीं है–

(A) माहेश्वर सूत्रों की रचना

(B) प्रकृति और प्रत्यय के विभाग द्वारा सभी शब्दों की व्युत्पत्ति का वैज्ञानिक आधार प्रस्तुत किया

(C) पाणिनी ने कृदन्त और तद्धित इन दो प्रकार के शब्दों का विभाजन किया

(D) संक्षिप्तता इसका गुण नहीं है



Scanned with OKEN Scanner

5. पद रचना की पद्धति नहीं है–

(A) अविकृत

(B) आदेश

(C) विवृत

(D) अभ्यास

6. ध्वनि परिवर्तन की दिशा में लोप का उदाहरण है–

(A) दवाई

(B) अस्तबल

(C) हाता

(D) बन्दर

7. अर्थ संकोच का उदाहरण नहीं है–

(A) मृग

(B) जलज

(C) मंदिर

(D) मौन

8. स्पर्श ध्वनि है–

(A) क

(B) स

(C) य

(D) व

9. प्रोक्ति का भेद है–

(A) एकालाप

(B) संलाप

(C) (A) और (B) दोनों

(D) (A) और (B) दोनों नहीं



Scanned with OKEN Scanner

10. 'रस' शब्द का अर्थ संकेतग्रह के किस साधन से ज्ञात होता है ?

(A) प्रकरण

(B) प्रसिद्ध पद का सान्निध्य

(C) कोश

(D) व्याकरण

11. 'तुम पढ़ो!' वाक्य है–

(A) इच्छार्थक वाक्य

(B) अनुज्ञा वाक्य

(C) विधि वाक्य

(D) संकेतार्थक वाक्य

12. भाषा की परिभाषा में सन्निहित है–

(A) उच्चारण अवयव

(B) यादृच्छिकता

(C) ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था

(D) उपर्युक्त सभी

13. भाषा का घटक नहीं है–

(A) शब्द

(B) वाक्य

(C) प्रोक्ति

(D) इनमें से कोई नहीं

14. सत्य कथन है–

(A) व्याकरण, विवरण और वर्णन प्रधान है

(B) भाषा विज्ञान विवेचन विश्लेषण प्रधान नहीं है

(C) व्याकरण को शास्त्र नहीं कह सकते

(D) उपर्युक्त सभी



Scanned with OKEN Scanner

15. सत्य कथन है–

(A) निरूक्त, निघण्टु की व्याख्या है

(B) शिक्षा ग्रन्थों में ध्वनि का विवेचन नहीं

(C) प्रातिशाख्यों में संस्कृत ध्वनियों का वर्गीकरण नहीं किया गया

(D) निरूक्त की रचना याज्ञवल्क ने की

16. सुमेलित नहीं है–

(A) वार्तिक – कात्यायन

(B) अष्टाध्यायी – पाणिनि

(C) महाभाष्य प्रदीप – भट्टोजि दीक्षित

(D) महाभाष्य – पतंजलि

17. संरचनात्मक भाषा विज्ञान के जनक सस्यूर हैं–

(A) फ्राँसीसी स्कूल के

(B) जेनेवा स्कूल के

(C) ब्रिटिश स्कूल के

(D) प्राग स्कूल के

18. रूसी स्कूल का भेद नहीं है–

(A) लेनिनग्राद स्कूल

(B) मास्को स्कूल

(C) कोपेनहेगन स्कूल

(D) कज़ान स्कूल

19. अर्थ के अनुसार वाक्य का भेद नहीं है–

(A) समीकृत

(B) अनुज्ञा

(C) प्रश्न

(D) निषेध



Scanned with OKEN Scanner

20. वाक्य में पदविन्यास की विशेषता नहीं है–

(A) चयन

(B) आसक्ति

(C) क्रम

(D) आपरिवर्तन

21. शैली के अनुसार वाक्य का भेद है–

(A) शिथिल

(B) विधि

(C) विस्मयादिबोधक

(D) संदेहार्थक

22. अन्विताभिधानवाद को कहते है–

(A) पदवाद

(B) वाक्यवाद

(C) (A) और (B) दोनों

(D) (A) और (B) दोनों नहीं

23. सत्य कथन है–

(A) अभिहितान्वयवाद के अनुसार पदों के योग से वाक्य की रचना होती है

(B) अभिहितान्वयवाद के अनुसार वाक्य को तोड़ने से पद बनता है

(C) भाषा की न्यूनतम पूर्ण सार्थक इकाई शब्द है

(D) अन्विताभिधानवाद के अनुसार पदों के योग से वाक्य की रचना होती है

24. उच्चारण स्थान का भेद है–

(A) अर्धस्वर

(B) अनुनासिकता

(C) उदान्त

(D) वर्त्स्य



Scanned with OKEN Scanner

25. दाँये से बाँये लिखी जाने वाली लिपि है–

(A) खरोष्ठी लिपि

(B) ब्राह्मी लिपि

(C) देवनागरी लिपि

(D) रोमन लिपि

26. 'भंडार' उदाहरण है–

(A) अन्त्य स्वर लोप का

(B) मध्य व्यंजन लोप का

(C) मध्य अक्षर लोप का

(D) अन्त्य व्यंजन लोप का

27. अल्प प्राण घोष ध्वनि है–

(A) ज

(B) क

(C) छ

(D) भ

28. पार्श्विक ध्वनि है–

(A) र

(B) ड़

(C) क

(D) ल

29. 'सुप्तिङन्तं पदं' सूत्र है–

(A) कात्यायन का

(B) पतंजलि का

(C) पाणिनि का

(D) भामह का



Scanned with OKEN Scanner

30. 'विभक्तिहीन शब्द' को कहते हैं–

(A) पद

(B) प्रातिपदिक

(C) अर्थ

(D) ध्वनि

31. 'निपुण' शब्द उदाहरण है–

(A) अर्थ विस्तार का

(B) अर्थ संकोच का

(C) अर्थादेश का

(D) अर्धापकर्ष का

32. अर्थबोध का साधन नहीं है–

(A) व्यवहार

(B) आप्त वाक्य

(C) उपमान

(D) प्रतिभा

33. 'बाँये से दाँये' लिखी जाने वाली लिपि है–

(A) अरबी

(B) ब्राह्मी

(C) फारसी

(D) खरोष्ठी

34. ब्राह्मी से विकसित लिपि नहीं है–

(A) कुटिल लिपि

(B) शारदा लिपि

(C) कील लिपि

(D) गुप्त लिपि



Scanned with OKEN Scanner

35. ब्राह्मी के उत्तरी शैली से विकसित लिपि नहीं है–

(A) कलिंग लिपि

(B) प्राचीन नागरी

(C) बंगला लिपि

(D) गुप्त लिपि

36. ब्राह्मी की उत्पत्ति से सम्बन्धित तथ्य है–

(A) ब्राह्म द्वारा उत्पन्न लिपि

(B) ब्राह्मणों द्वारा प्रयुक्त होने के कारण

(C) वेद या ज्ञान की रक्षा के लिए निर्मित लिपि

(D) उपर्युक्त सभी

37. भाषा को स्थायित्व देने के लिए आविर्भाव हुआ–

(A) समाज का

(B) वर्ण का

(C) लिपि का

(D) जाति का

38. लिपि का विकासात्मक क्रम है–

(A) चित्रलिपि – भाव संकेतलिपि – अक्षरात्मक लिपि – वर्णात्मक लिपि

(B) भाव संकेत लिपि – ध्वनिलिपि – चित्रलिपि वर्णात्मक लिपि

(C) चित्रलिपि – ध्वनिलिपि – अक्षरात्मक लिपि – भावसंकेत लिपि

(D) भावसंकेत लिपि – चित्रलिपि – अक्षरात्मक लिपि – वर्णात्मक लिपि



Scanned with OKEN Scanner

39. भाव संकेत लिपि को कहा गया है–

(A) कुटिल लिपि

(B) कील लिपि

(C) चित्र लिपि

(D) शारदा लिपि

40. सस्यूर ने भाषा के वैयक्तिक पक्ष को कहा है--

(A) लाँग (Langue)

(B) टंग (Longue)

(C) पारोल (Parole)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*****



Scanned with OKEN Scanner